# मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

- विजयवर्गीय किसी कार्यक्रम में नहीं होंगे शामिल
- राज्यपाल भोपाल में राज्य स्तरीय समारोह में लेंगे हिस्सा




प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर उज्जैन में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे, वहीं विधानसभा अध्यक्ष ग्वालियर तो उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इंदौर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे.**

राज्य स्तरीय मुख्य समारोह राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान में होगा, जिसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल हिस्सा लेंगे. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सागर में ध्वज फहराएंगे. राज्य सरकार ने बुधवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के लिये जिले तय कर दिये हैं, कि कौन मंत्री कहां ध्वज फहराएंगे. इस सूची में प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नाम शामिल नहीं है, बताया जा रहा है कि उनके किसी पारिवारिक मित्र के यहां किसी परिजन के निधन के कारण वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे. हांलाकि गणतंत्र दिवस समारोह में किसी जिला मुख्यालय में होने वाले कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है. 23 जिले ऐसे हैं, जहां किसी मंत्री के बजाय कलेक्टर ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे. इस दौरान वे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी करेंगे.

## कौन कहां फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुंवर विजय शाह – | रतलाम | प्रद्युम्न सिंह तोमर – | शिवपुरी |
| प्रहलाद पटेल – | रीवा | राकेश शुक्ला – | अशोकनगर |
| राकेश सिंह – | छिंदवाड़ा | चेतन्य काश्यप – | राजगढ़ |
| करण सिंह वर्मा – | सिवनी | इंदर सिंह परमार – | दमोह |
| उदयप्रताप सिंह – | कटनी | कृष्णा गौर – | सीहोर |
| संपतिया उईके – | जबलपुर | धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी – | खंडवा |
| तुलसीराम सिलावट – | बुरहानपुर | दिलीप जायसवाल – | मंडला |
| एदलसिंह कंषाना – | दतिया | गौतम टेटवाल – | बड़वानी |
| सुश्री निर्मला भूरिया – | नीमच | लखन सिंह पटेल– | विदिशा |
| गोविन्द सिंह राजपूत – | गुना | नारायण सिंह पंवार – | रायसेन |
| विश्वास सारंग– | खरगौन | नरेन्द्र शिवाजी पटेल – | नर्मदापुरम |
| नारायण सिंह कुशवाह – | शाजापुर | प्रतिमा बागरी – | डिंडोरी |
| नागर सिंह चौहान – | आगर–मालवा | दिलीप अहिरवार – | अनूपपुर |
| | | राधा सिंह – | मैहर |

### इन जिलों में कलेक्टर फहराएंगे ध्वज

देवास, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, मुरैना, मंदसौर, श्योपुर, भिंड, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, बैतूल, हरदा, सिंगरौली, नरसिंहपुर, बालाघाट और पांढुर्ना.

## राजस्थान एसटीएफ की आरकेडीएफ पर कार्रवाई

**भोपाल.** आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी की गांधीनगर और कोलार शाखाओं में बुधवार को राजस्थान पुलिस की एसटीएफ ने सर्च ऑपरेशन किया. इसी सिलसिले में यूनिवर्सिटी के संचालक सुनील कपूर के निवास पर भी एसटीएफ पहुंची. यह कार्रवाई फर्जी मार्कशीट व शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े मामले में की गयी. सूत्रों के अनुसार एसटीएफ की तीन टीमों ने एक साथ अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की. कार्रवाई की सूचना स्थानीय पुलिस को पूर्व में नहीं दी गई. इस बीच यूनिवर्सिटी परिसर का मुख्य गेट बंद रखा गया. बताया गया है कि रिकॉर्ड, फाइलें व शैक्षणिक दस्तावेज टीमों ने खंगाले. एसटीएफ की ओर से कार्रवाई को लेकर आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है.

# दूषित पानी से एक और मौत, आंकड़ा 25 पहुंचा

**इंदौर,21 जनवरी. भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से फैली जलजनित बीमारी ने एक और जान ले ली. इलाज के दौरान एक ई-रिक्शा चालक की मौत के बाद इस मामले में मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है. लगातार हो रही मौतों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है.**



भागीरथपुरा निवासी 51 वर्षीय ई-रिक्शा चालक हेमंत गायकवाड़ 22 दिसंबर को दूषित पानी पीने के बाद अचानक बीमार पड़ गए थे. उल्टी दस्त की शिकायत पर उन्हें परदेशीपुरा स्थित वर्मा नर्सिंग होम में भर्ती कराया था. इलाज के बाद 28 दिसंबर को हालत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी गई, लेकिन घर लौटने के कुछ दिन बाद उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई. परिजनों का कहना हैं कि हालत गंभीर होने पर 7 जनवरी को उन्हें अरविंदो अस्पताल रेफर किया गया, जहां कई दिनों तक इलाज चला. बावजूद इसके मंगलवार देर रात करीब तीन बजे उनकी मौत हो गई. अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक मृतक पहले से सेल कार्सिनोमा कैंसर और किडनी की बीमारी से भी पीड़ित थे, हालांकि उन्हें गंभीर उल्टी दस्त की शिकायत के चलते भर्ती किया था.

हेमंत परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे. उनके परिवार में चार बेटियां—21 वर्षीय रिया, 20 वर्षीय जिया, 16 वर्षीय खुशबू और 12 वर्षीय मनाली हैं. मृतक की बेटी जिया ने बताया कि पहले 24 दिसंबर को वर्मा नर्सिंग होम में भर्ती कराया था, छुट्टी के बाद दोबारा तबीयत बिगड़ी और 8 जनवरी को अरविंदो अस्पताल में भर्ती करना पड़ा, जहां इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई.

### स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया से मौत को नकारा

इधर स्वास्थ्य विभाग ने दूषित पानी से 25वीं मौत के दावे को गलत बताया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी के अनुसार भागीरथपुरा निवासी जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है, उसकी मौत डायरिया से नहीं बल्कि कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट से हुई है. मृतक पहले से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित था और अरविन्दो अस्पताल में उपचाररत था. विभाग का दावा है कि वर्तमान में डायरिया से प्रभावित कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है और अस्पतालों में भर्ती मरीज अन्य बीमारियों का नि:शुल्क उपचार करा रहे हैं.

# अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय नहीं हुआ

**जगदगुरु विवाद पर अविमुक्तेश्वरानंद को नहीं मिला चित्रकूट पीठाधीश्वर का साथ**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 21 जनवरी. जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनके साथ कोई अन्याय नहीं हुआ, बल्कि उन्होंने स्वयं नियमों का उल्लंघन किया है.**

रामभद्राचार्य महाराज ने ग्वालियर में कहा कि वे स्वयं जगद्गुरु हैं, जबकि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अभी जगद्गुरु नहीं बनाए गए हैं. उन्होंने कहा कि धार्मिक परंपराओं व नियमों का पालन सभी को करना होता है. गंगा तट पर रथ से जाने की अनुमति नहीं होती. पुलिस ने किसी को रोका है, तो नियमों का सम्मान करते हुए रुक जाना चाहिए. वे स्वयं संगम तक पैदल जाते हैं और इस मामले में किसी प्रकार के अन्याय की बात निराधार है. स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा नोटिस दिए जाने को लेकर रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है. सरकार ने जो नोटिस दिया है, वह पूरी तरह उचित है और सब कुछ ठीक है. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री से जुड़े सवाल पर रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि चार बच्चे पैदा करने की बात गलत नहीं है और इसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है.

### दिग्विजय के बयान पर जताई कड़ी प्रतिक्रिया



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा 'हिंदू' शब्द को लेकर दिए गए बयान पर रामभद्राचार्य महाराज ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह को शास्त्रों का कोई ज्ञान नहीं है. रामभद्राचार्य ने शास्त्रों में वर्णित श्लोकों का उल्लेख करते हुए 'हिंदू' शब्द की प्रामाणिकता को सही ठहराया और कहा कि जिन्हें शास्त्रों का ज्ञान नहीं है, उनके बयानों पर टिप्पणी करना व्यर्थ है.

# अशोकनगर कलेक्टर को हटाया

- साकेत मालवीय जिले में नये कलेक्टर पदस्थ

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 जनवरी. राज्य सरकार ने अशोकनगर जिले के विवादित कलेक्टर आदित्य सिंह को हटा दिया है. उनके स्थान पर साकेत मालवीय को नया कलेक्टर पदस्थ किया गया है.**



मालवीय अब तक संचालक कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, वहीं आदित्य सिंह को अब संचालक भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास भोपाल पदस्थ किया गया है. अजय कटेसरिया अपर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को संचालक कर्मचारी चयन मंडल भोपाल का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है. इस संबंध में बुधवार देर रात आदेश जारी कर दिये गये. राज्य सरकार ने आदित्य सिंह पर लगे गंभीर आरोपों के बाद उन्हें हटाने और नया कलेक्टर पदस्थ करने के लिये तीन नामों का पैनल चुनाव आयोग को भेजा था, आयोग ने मालवीय के नाम पर मुहर लगा दी, दरअसल अशोकनगर के आनंदपुर धाम ट्रस्ट ने आदित्य सिंह पर तीन करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगा दिया था. शिकायत में ट्रस्ट ने संपत्ति के नामांतरण से जुड़े मामले में रिश्वत मांगने की शिकायत राज्य सरकार से की थी. इसे लेकर दिल्ली में भी ट्रस्ट ने भाजपा हाईकमान के सामने भी शिकायत की थी. दरअसल एसआईआर की प्रक्रिया के चलते अभी 21 फरवरी तक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित इस कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले पर रोक है. ऐसे में कलेक्टर को हटाने के लिये आयोग से अनुमति लेना जरुरी था.

## 30 से 35 की संख्या में मृत अवस्था में मिला गौवंश

**ग्वालियर.** जिले के पिछोर नगर में कचरे के ढेर में मृत अवस्था में गौवंश मिलने से स्थानीय जनता में आक्रोष व्याप्त हो गया है. यहां पिछोर नगर परिषद द्वारा गौशाला संचालित की जा रही है. 30 से 35 की संख्या में मृत अवस्था में गौवंश मिले हैं. गौ सेवक मौके पर पहुंचे हैं. पिछोर नगर परिषद की जेसीवी मशीन द्वारा मृतक गौवंश को दफनाया जा रहा है. इन गौवंश की मृत्यु किस कारण से हुई है, यह रहस्य बना हुआ है.

## रानीपुर जंगल क्षेत्र में एक बाघ का शव मिला



**इटारसी. इटारसी में बुधवार सुबह तवानगर के रानीपुर जंगल क्षेत्र में एक बाघ का शव मिला. नायब तहसीलदार कृष्णकांत उइके ने इसकी पुष्टि की है.** घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित कर घेराबंदी की गई. ग्रामीणों ने सुबह जंगल में बाघ का शव देखा था, जिसके बाद उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी. सुरक्षा कारणों से घटनास्थल पर गार्ड तैनात किए गए हैं. किसी को भी शव के पास जाने की अनुमति नहीं है.




अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीपः सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरुल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदाः ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुरः गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो, 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिरालीः भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनीः गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरू नगर, भोपालः रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़ः महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379.

FCB INTERFACE/8486/JANUARY26/HINDI

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14